साप्ताहिक

संपादक : राजेश लक्षकार

MPHIN/36137-T.C.

# गरुड़ एक्सप्रेस

● वर्ष - 02 ● अंक - 13 | नीमच | बुधवार, 24 जनवरी 2024 | ● पृष्ठ - 8 ● प्रति मूल्य - 5 रुपए


# गांधी सागर अभ्यारण्य में चीतों को बसाने की तैयारी

**नीमच और मंदसौर जिले की सीमा पर स्थित गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में चीतों को बसाने की तैयारी के साथ लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से 64 वर्ग किमी का एनक्लोजर बनकर तैयार हो चुका है। अभयारण्य में चंबल नदी के एक छोर पर चीतों के लिए एक बाड़ा बनाया गया है। जहां 12,600 गड्ढे खोदे गए हैं और उनमें पानी की आपूर्ति के लिए हर तीन मीटर की दूरी पर लोहे के पाइप लगाए गए हैं । 28 किमी लंबी और 10 फीट ऊंची दीवार बनाई गई है। दीवार से तीन फीट ऊपर, चीतों को बाड़ पार करने से रोकने के लिए सौर तार की बाड़ लगाई गई है।**

## 30 करोड़ रुपए की लागत से 64 वर्ग किमी का एनक्लोजर बनकर तैयार

**· गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क**

**बताया जा रहा है कि वन विभाग की पहले योजना कूनो से छह चीते लाने की थी, लेकिन अब दक्षिण अफ्रीका से 10 चीते  जल्द ही अभयारण्य में पहुंचेंगे । गांधी सागर अभयारण्य 369 वर्ग किमी में फैला हुआ है। 28 किलोमीटर के घेरे में जाली लगाने में 17 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं , जबकि वन क्षेत्र में कैमरे भी लगाए गए हैं।**

मप्र के कूनो नेशनल पार्क में चीतों को बसाने के बाद गांधीसागर अभयारण्य को चीतों के दूसरे घर के रूप में तैयार किया जा रहा है। चीतों के लिए तैयार किया जा रहा 64 वर्ग किमी का बाड़ा बनकर लगभग तैयार हो गया है




व शेष कार्य अंतिम चरण में हैं।

इसी बीच चीतल-हिरण का आना भी शुरू हो गया है। चीतों के भोजन के लिए 1400 से ज्यादा चीतल-हिरण यहां लाए जाएंगे। पहली खेप में नरसिंहगढ़ से 266 चीतल की खेप गांधीसागर अभ्यारण्य पहले ही पहुंच चुके है वहीं कान्हा नेशनल पार्क से 23 चीतल-हिरण लाए गए हैं। पशु चिकित्सकों की निगरानी में फिलहाल इन्हें शाकाहारी वन्य प्राणी के लिए निर्मित 90 हेक्टेयर के बाड़े में छोड़ा गया है।

गांधीसागर अभयारण्य में चीतों को बसाने के पहले शाकाहारी वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ाने के लिए करीब 1400 से अधिक चीतल-हिरण अन्य संरक्षित क्षेत्रों से स्थानांतरित किए जाने हैं ताकि उन्हें शिकार के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध हो सकें। चीतों की बसाहट के लिए 17 करोड़ की लागत से 8900 हेक्टेयर में विशेष हाई सिक्योरिटी सिस्टम वाल सोलर पॉवर्ड इलेक्ट्रिक फेसिंग से बाड़ा भी लगभग तैयार हो चुका है। इस बाड़े में तेंदुए सहित अन्य जानवर प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### इनका कहना

गांधीसागर अभ्यारण्य में चीतों को बसाने की परियोजना में एनक्लोजर बनकर तैयार हो चुका है। चीतों के भोजन के लिए 1400 से ज्यादा चीतल-हिरण यहां लाए जाना है। अब तक 288 चीतल छोड़े जा चुके है। अगली खेप भी आने वाली है। उसके बाद यहाँ चीते छोड़े जाएंगे।

**संजय रायखेरे,** डीएफओ, वन विभाग मन्दसौर






गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभ चिंतक



गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
घनश्याम गायरी
अध्यक्ष युवक कांग्रेस
विधानसभा क्षेत्र नीमच


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अमन शर्मा
अध्यक्ष, भाजयुमो दक्षिण मण्डल नीमच


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मोहनसिंह जाट
(जनपद सदस्य-जनपद
पंचायत नीमच)
पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत हरवार


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम शर्मा
महामंत्री, भाजपा दक्षिण
मण्डल नीमच


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
संगीता रामनारायण (गुड्डु) जाट
सरपंच
शांतिलाल पाटीदार पप्पू
उपसरपंच
रूपेश पाटीदार
सहायक सचिव
महेश शर्मा
सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत पालसोड़ा तहसील जीरन जिला नीमच(मप्र)


सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्ताँ हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलिस्ताँ हमारा
आप सभी देश प्रेमियो को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सज्जनसिंह चौहान शिवाजी
अध्यक्ष, जिला पंचायत नीमच
Digital Solution 9425440909
Sajjansingh chouhan Shivaji


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं
सुरेशचन्द्र जैन (भायाजी)
अध्यक्ष
राजकुमार ठाकुर
मु. न.पा. अधिकारी
मोतीलाल धाकड़
उपाध्यक्ष
एवं समस्त पार्षदगण, कर्मचारीगण, नगरवासी नगर परिषद सिंगोली म.प्र.


जय देवा
सभी देशवासियों व नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
नगर परिषद् के करो का भूगतान समय पर करें।
रामकरण सगवारिया
अध्यक्ष नगर परिषद् जीरन
नन्दलाल प्रजापति
सीएमओ नगर परिषद जीरन
मुकेश राव तावरे
उपाध्यक्ष नगर परिषद् जीरन
पार्षदगण- प्रहलाद भील, यशोदा-मधुसुदन राजोरा, गायत्री-बबलु भीलावत, यशवंत सगवारिया, पुष्पेन्द्र सोनीगरा, अनिता-दिलीप सुथार, शकुन्तला-दिलीप भाणेज, पुनमचन्द पी सी पाटीदार, संध्या-विकास सुथार, विनोद जारेरिया, प्रभा-राजेश लक्षकार, किरण-किशन अहिरवार, मुकेश पंवार


गणतंत्र दिवस
के राष्ट्रीय पर्व पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई...शुभकामनाएं...
- शेभेच्छु -
अध्यक्ष
श्री श्रवण कुमार पाटीदार
उपाध्यक्ष
श्रीमती कर्मा बाई हरिसिंह मकोडिया
सीएमओ
श्री गिरीश शर्मा
एवं समस्त वार्डवासी पार्षदगण नगरपरिषद डीकेन
नागरिकों से अपील - जल का अपव्यय न करें। सड़कों पर कूड़ा कचरा न डालें। समस्त करों का भुगतान समय पर करें।
जन्म-मृत्यु, विवाह का पंजीयन अवश्य करावें। पॉलिथीन का का उपयोग न करें। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पौधे अवश्य लगाएं।


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती शर्मिला-प्रकाश कछावा
(अध्यक्ष)
राधेश्याम प्रजापति
(उपाध्यक्ष)
आरती ग्रेवाल
(मुख्य नप अधिकारी)
अपील
1. नगर परिषद के करों का भुगतान समय पर करें।
2. अमृत महोत्सव अंतर्गत अधिक से अधिक पौधारोपण करें।
3. नगर को साफ बनाए रखने में सहयोग करें।
4. पेयजल का अपव्यय न करें।
व समस्त पार्षदगण नगर परिषद मल्हारगढ़ जिला मंदसौर (मप्र)


कार्यालय नगर परिषद् नारायणगढ
गणतंत्र दिवस
के पावन पर्व पर समस्त देशवासियों एवं नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-- अपील --
* समस्त करों का भुगतान समय पर करें। * पानी का अपव्यय न करें। * सफाई का पूरा ध्यान रखें।
* अपने घरों के आसपास गड्डों में पानी जमा न होने दें। * ग्राम को स्वच्छ व सुन्दर व अतिक्रमण मुक्त रखने में नगर प्रशासन का सहयोग करें। * जन्म मृत्यु का पंजीयन समय पर करावें। * स्वच्छता अभियान के सहभागी बनें।
ममताकुंवर जयरासिंह
अध्यक्ष
विरेन्द्र रुपरा
उपाध्यक्ष
प्रमोद जैन
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
पार्षदगण- किशन कुसुमाकर, श्रीमती आंजना जितेन्द्र पाटीदार, दिलीप पाटीदार, श्रीमती दिव्या पवन पाटीदार, श्रीमती सुनिता शर्मा, श्रीमती लीला भुवानीशंकर दिवाणिया, श्रीमती पुष्पा माली, श्रीमती प्रीति खिंचावत, श्रीमती पुष्पा ओमप्रकाश मुन्दड़ा, रामचन्द्र करुण, सुनील कुमावत, श्रीमती अनिता सौरभ कोठारी, दशरथ भास्कर, अरविन्द पाटीदार (सांसद प्रतिनिधि)
नगर परिषद् नारायणगढ (मंदसौर)


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सीमा अजय तिवारी
(अध्यक्ष)
किशोर जोलान्या
उपाध्यक्ष
कन्हैयालाल यदुवंशी
मुख्य नपा अधिकारी
अपील
1. नगर परिषद के करों का भुगतान समय पर करें।
2. अमृत महोत्सव अंतर्गत अधिक से अधिक पौधारोपण करें।
3. नगर को साफ बनाए रखने में सहयोग करें।
4. पेयजल का अपव्यय न करें।
व समस्त पार्षदगण नगर परिषद मनासा जिला नीमच (मप्र)


कार्यालय नगर परिषद जावद, जिला-नीमच (म.प्र.)
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
नागरिकों से अपील- * आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अपने-अपने घर पर तिरंगा ध्वज अवश्य लगाएं। * राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान एवं नियमों का पालन करें। * नगर परिषद के समस्त करों का भुगतान enagarpalikaportal के माध्यम से करें। * अपने घर का गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक एकत्रित कर कचरा वाहन में डालें। * जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जल संग्रहण हेतु अपने घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं। * कोविड-19 के नियमों का पालन करें। * जन्म-मृत्यु विवाह का पंजीयन समय पर करवाएं। * वृक्षारोपण अवश्य करें तथा वायुदूत पोर्टल/एप पर फोटो अपलोड करें। * स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर को नम्बर वन बनाने में
सोहनलाल माली
अध्यक्ष
अनिल जोशी
मुख्य नपा अधिकारी
सुचित सोनी (माहेश्वरी)
उपाध्यक्ष
पार्षदगण- पूरण चंदेल, श्रीमती सरस्वती अरविंद शर्मा, श्रीमती रेखा विजय चंदेल, सुश्री कृतिका छोटू सोनी, श्रीमती माया सत्यनारायण शर्मा, श्रीमती लक्ष्मीदेवी दशरथ राठौर, निसार अहमद काजी, श्रीमती आमनाबाई मोहम्मद हुसैन छिपा, श्रीमती ललिता प्रहलाद धाकड़, श्रीमती मधुबाला लालचंद धाकड़, विमल धाकड़, विनोदकुमार पाटीदार, दीपेश नलवाया
एवं समस्त कर्मचारीगण, नगर परिषद जावद, जिला-नीमच (म.प्र.)


गणतंत्र
दिवस
पर देशवासियों को
हार्दिक बधाई
विनीत :
श्रीमति सुगनबाई कचरूलाल गुर्जर
अध्यक्ष,न.प.रतनगढ़
श्रीमति किरण शिवनंदन छीपा
उपाध्यक्ष,न.प.रतनगढ़
गिरीश शर्मा
(मु.न.पा.अधिकारी)
एवं समस्त कर्मचारीगण
नगर परिषद् रतनगढ़,
जि.नीमच(म.प्र.)
नागरिकों से अपील - जल का अपव्यय न करें। सड़कों पर कूड़ा कचरा न डालें। समस्त करों का भुगतान समय पर करें। जन्म-मृत्यु, विवाह का पंजीयन अवश्य करावें। पॉलिथीन का का उपयोग न करें। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पौधे अवश्य लगाएं।

### अमर शहीद हेमू कालाणी के बलिदान दिवस पर...

# सिंधी समाज ने नमन कर, श्रद्धांजलि की अर्पित

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** देश के स्वतंत्रता संग्राम में मां भारती के श्री चरणों में अपने प्राणों की आहुति अर्पित करने वाले वीर अमर शहीद हेमू कालानी के 81 वें बलिदान दिवस के स्मरण पर पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सम्पूर्ण सिंधी समाज एवं सिंधी समाज के समस्त (राजनेतिक, सामाजिक व धार्मिक) संगठनों द्वारा 21 जनवरी 2024, रविवार प्रातः 10 बजे स्थानीय सिंधी कॉलोनी स्थित अमर शहीद हेमू कालाणी चौराहे पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर स्वंत्रता सेनानी वीर अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन एवं माल्यार्पण कर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्पूर्ण अमर शहीद हेमू कालानी चौराहा 'भारत माता की जय' और 'वीर शहीद हेमू कालानी अमर रहें' की जय घोषों से गुंजायमान हो गया।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश 'पप्पू' जैन, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मुखी मनोहर अर्जनानी, पूजा केवलानी, मीनू लालवानी, लक्ष्मी प्रेमाणी, उपाध्यक्ष ईश्वर आहूजा 'मेडिकल', आदि ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर अपने उद्बोधन में शहीद हेमू कालानी की शहादत को याद करते हुए उनके जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर राजेश सोनी, दिलीप लालवानी, पूरन रामचंदानी, सोनू - सपना लालवानी, परमानंद पारवानी, दोलत मोटवानी, संतोष प्रेमानी नरेश सोनी, सुरेश आहूजा, नंदलाल मालानी, चंद्रप्रकाश मोमू लालवानी, रमेश केवलानी आदि सहित पूज्य सिंधी पंचायत, पूज्य सिंधी पंचायत महिला संगठन, सिंधी सोश्यल ग्रुप, विश्व सिंधी सेवा संगम, इंटरनेशनल सिंधी सेवा समिति, श्री झूलेलाल बहराना समिति एवं सिंधी समाज के समस्त संस्थाओं/संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों एवं बड़ी तादात में महिला, पुरुष व समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र चांवला ने किया तथा अंत में जीतू तलरेजा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्र का शुभारम्भ



**नीमच (ख़बर गुलशन डेस्क)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तौलानी ने कलेक्टर कार्यालय परिसर नीमच में स्थापित किये गये ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्र का फीता काटकर शुभारम्भ किया । इस मौके पर एडीएम सुश्री नेहा मीना एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



श्रीमती सीमा जागीरदार
अध्यक्ष, नगर परिषद रामपुरा



विजयराज सिंह चन्द्रावत
उपाध्यक्ष, नगर परिषद रामपुरा



के.एल.सूर्यवंशी
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, रामपुरा

नागरिकों से अपील...

- बेटी है तो कल है।
- नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान कर पैनाल्टी से बचें।
- वैक्सीन अवश्य लगवाएं।
- स्वच्छता बनाए रखकर नगर परिषद को सहयोग दें।
- जन्म-मृत्यु का पंजीयन समय पर कराएं।

समस्त पार्षद एवं कर्मचारीगण, नगर परिषद रामपुरा

कार्यालय नगर परिषद रामपुरा, जिला - नीमच (मप्र)

कार्यालय नगर पालिका परिषद, नीमच जिला नीमच (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

26 जनवरी 2024 पर आयोजित कार्यक्रम

**ध्वजारोहण :** श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नीमच) द्वारा
नगर पालिका कार्यालय भवन : प्रात: 8.00 बजे
शहीद स्मारक, ज्ञान मंदिर प्रात: 8.15 बजे

फुटबाल स्पर्धा का फायनल एवं पुरस्कार वितरण
**स्थान :** डॉ. राजेन्द्रप्रसाद स्टेडियम, नीमच अपरान्ह 3.00 बजे

अतिथिगण : माननीय श्री सुधीरजी गुप्ता, (सांसद मंदसौर नीमच जावरा क्षेत्र)
माननीय श्री दिलीपसिंहजी परिहार (विधायक नीमच)
माननीय श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा (अध्यक्ष नगर पालिका नीमच)
माननीय श्री सज्जनसिंहजी चौहान (अध्यक्ष जिला पंचायत नीमच)
माननीय श्री दिनेश जी जैन (कलेक्टर जिला नीमच)
माननीय श्री एस.एल.सी. खुप (डीआईजी ग्रुप सेन्टर सीआरपीएफ नीमच)
माननीय श्री अतिम जी तौलानी (पुलिस अधीक्षक जिला नीमच)
माननीय श्री पवनजी पाटीदार (जिलाध्यक्ष भाजपा नीमच)
माननीय श्रीमती रंजना कर्णसिंह परमाल (उपाध्यक्ष नगरपालिका नीमच)
माननीय श्री संतोष जी चौपड़ा (वरिष्ठ समाजसेवी नीमच)
माननीय श्री नन्दकिशोर पटेल (पूर्व विधायक नीमच)
माननीय श्री रघुराजसिंह चौरडिया (पूर्व न.पा. अध्यक्ष नीमच)
माननीय श्री सुरेन्द्र जी सेठी (वरिष्ठ समाजसेवी नीमच)
माननीय श्री अभिनव राजा चौरसिया (समाजसेवी नीमच)



अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

**जनता से अपील :** - शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। - नया करों का समय पर भुगतान करें। - स्वच्छता अभियान को सफल बनाएं। -जन्म-मृत्यु पंजीयन अवश्य करावें। - पर्यावरण सुरक्षा हेतु अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगावें। - घर का कचरा नपा वाहन में ही डालें। - प्लास्टिक पॉलिथिन का उपयोग न करें। स्वच्छ सर्वेक्षण में नीमच को नंबर 01 बनाने में सहयोग करें। गीला व सूखा कचरा घर पर ही पृथक कर नपा वाहनों में निर्धारित कण्टेनर में डालें। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न करें।

श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा
अध्यक्ष

महेन्द्र वशिष्ठ
मुख्य नगर पालिका अधिकारी

श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल
उपाध्यक्ष

नगर पालिका परिषद नीमच एवं समस्त पार्षदगण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



खनिज विभाग जिला नीमच (मप्र)

# इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन ने मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बॉस की जयंती




## "नेताजी के विचार सदैव हमारे मन में रहेंगे। वे अमर हैं और रहेंगे

· गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच (निप्र)।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के संरक्षक एडवोकेट अजय भटनागर, आईएनओ प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र सक्सेना की एवं सदस्यों द्वारा सांय ४.३० बजे फव्वारा चौक स्थित सुभाष वाटिका में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। सभी सदस्यों द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी में आईएनओ जिला प्रवक्ता नितिन सक्सेना ने बताया कि इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के सदस्यों द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन एवं कार्यशैली पर वक्तव्य दिये एवं उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य हरीश उपाध्याय, आईएनओ पौधा बैंक सह संयोजक नरेंद्र पोरवाल, जिला साहित्य परिषद अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी, थेलेसिमिया वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राठौड़, कृति अध्यक्ष ई. बाबूलाल गौड़, जिला सचिव आईएनओ रुद्र पाराशर, रामरख्यानीजी, श्याम थोरेचा, अमृत लाल चौहान भी उपस्थित थे।












- शहर में समाजसेवी अरूल अरोरा गंगानगर ने जीता हर किसी का दिल, भगवा रंग में दिखा गंगानगर ग्रुप
- दिनभर धार्मिक आयोजनः समाजसेवी अरूल अशोक गंगानगर द्वारा सुबह सुंदकांड तो दोपहर को वाहन रैली में गूंजे श्रीराम के जयकारें
- रात को सीआरपीएफ रोड जोरदार आतिबाजी और भजन संध्या

# रामलला के स्वागत में प्राण—प्रतिष्ठा पर गंगानगर ऑफिस में दीवाली जैसा जश्न



• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में बाल स्वरूप की प्राण—प्रतिष्ठा को लेकर नीमच में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा कई धार्मिक आयोजन किए गए। गंगानगर ग्रुप में प्राण—प्रतिष्ठा महोत्सव के मौके पर दीवाली से भी ज्यादा भव्य नजारा दिखा।

अरूल अरोरा द्वारा सुबह अविनाश ग्रुप में सुंदरकांड का आयोजन रखा गया तो दोपहर को शहर के प्रमुख मार्गो से वाहन रैली निकली। वाहन रैली में गले में केसरिया दुपट्टा पहने और बाइक पर जय श्री राम के झंडों के साथ सैकडों लोग शामिल हुए।

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण—प्रतिष्ठा पर पूरा शहर सोमवार को भगवान राम की भक्ति में डूबा रहा। हर वर्ग ने अपने अंदाज में इस महोत्सव को मनाया। बीते कई दिनों से अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारियां की जा रही थी। सोमवार सुबह गंगानगर आफिस में शहर के जैन भवन रोड स्थित कार्यालय पर सुंदरकांड का आयोजन शुरू हुआ। पूरे दफ्तर को दुल्हन की तरह सजाया गया था और श्रीराम के तोरण द्वार लगाए गए। सुंदकांड में महाआरती के बाद वाहन रैली शुरू हुई। वाहन रैली में समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर, उनके पुत्र अरूल अरोरा वाहनों के काफिलें के साथ निकले।

वाहन रैली टैगोर मार्ग, ग्वालटोली, इंदिरा नगर, फव्वारा चौक, अम्बेडकर मार्ग, गोमाबाई रोड, रेलवे स्टेशन रोड होते हुए श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां पर समाजपन हुआ। रैली में आगे—आगे समाजसेवी अशोक अरोरा, अरूल अरोरा गंगानगर बुलेट पर चल रहे थे तो वहीं पीछे—पीछे सैकडों भक्त जयकारें लगाते हुए चल रहे थे। वाहन रैली का जगह—जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक अरोरा द्वारा आनंदो ग्रुप द्वारा नवनिर्मित आदियोगी शिव प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। शाम को सीआरपीएफ रोड पर राम भजन संध्या का आयोजन रखा गया। भजन संध्या से पहले जोरदार आतिशबाजी की गई। भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार सतवंत बादशाह ने एक से बढकर भजनों की प्रस्तुतियां दी। देर रात भजन संध्या चली और पूरा सीआरपीएफ रोड श्रीराम की भक्ति में डूबा रहा। गंगानगर ऑफिस पर रविवार को 5100 दीप प्रज्वलवित किए गए गए थे, जो कि नीमच शहर में एक रिकार्ड है।

# कलेक्टर एवं एस.पी.ने दी गणतंत्र दिवस पर बधाई





• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के अवसर पर जिला कलेक्टर श्री दिनेश जैन तथा जिला पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तौलानी ने जिले के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हए कहा, कि यह पर्व हमें राष्ट्र भक्ति देश प्रेम एंव भाईचारे की भावना के साथ एक जुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस दिन हम राष्ट्र के प्रति सेवा समर्पण और देश भक्ति का संकल्प लें। अधिकारी व्दय ने जिले के जन-प्रतिनिधियों पंचायत पदाधिकारियो गणमान्य नागरिकों और आमजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए, उनके सुखी समृद्ध जीवन की कामना की है।

## नीमच तैराकी को एक और बड़ी उपलब्धि
## सिद्धान्त सिंह जादोन का खेलों इंडिया में चयन

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क




**नीमच।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 तमिलनाडु में 19 से 31 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे तैराकी प्रतियोगता 26 से 31 तक आयोजित होना है। यह भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जो देश में जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देता है। खेलो इंडिया का यह छठा संस्करण होगा। KIYG 2024 में ओलंपिक, गैर-ओलंपिक और साथ ही स्वदेशी गेम्स में पूरे देश से 5,000 से अधिक एथलीट हिस्सा लें रहे है। सिद्धान्त सिंह के न पा कोच आयुष गौड़, सुधा सोलंकी, नीलेश घावरी, अभिषेक अहीर एवम रोहित अहीर ने संयुक्त रूप से बताया कि नीमच तैराकी के स्टार खिलाड़ी सिद्धान्त सिंह पिता गोपाल सिंह जादोन का 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ एवं सिद्धान्त 5 इवेन्ट में दिखाएंगे अपना दम। नीमच तैराकी मोटिवेटर राकेश कोठारी व नितेश शर्मा ने बताया नीमच तैराकी के विजय रथ में नीमच नगर पालिका का महत्वपूर्ण योगदान है।

# जनप्रतिनिधिगणों ने दी गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं









• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** क्षैत्रीय सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जावद विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीपसिंह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपडा ने 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के नागरिकों को शुभकामनांए दी हैं। जन-प्रतिनिधियों ने नागरिकों के सुखी एंव समृद्ध जीवन की कामना करते हुए, उनसे जिले के समग्र विकास में योगदान का आव्हान किया है।

अपने बधाई संदेश में जन-प्रतिनिधियों ने कहा,कि गणतंत्र दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन की प्रेरणा देता है। इस दिन हम राष्ट्र के प्रति सेवा समर्पण और देश भक्ति का संकल्प लें।

# वीर अमर शहीद हेमू कालाणी के 81 वें बलिदान दिवस पर व्याख्यान

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**इंदौर।** सिंधु शोध पीठ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस परिसर में वीर शहीद हेमू कलानी जी के 81 वां बलिदान दिवस 21 जनवरी पर व्याख्यान आयोजित किया गया उक्त जानकारी देते हुए मनीष देवनानी व संजय तनवानी ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान झूलेलाल जी एवं श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया गया।

हेमू कालाणी का जन्म सिंध प्रांत के सखर जिले में श्री पेसुमल कालाणी जी के घर पर हुआ था। हेमू कालाणी बचपन से आज्ञाकारी पुत्र व मिलनसार हंसमुख व देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत थे।

19 साल के युवा को जब यह जानकारी लगी कि हथियारों से भरी हुई ट्रेन उनके गांव से गुजरने वाली है और यह हथियार देशभक्तों के कत्लेआम में काम आने वाले हथियार हैं, तो उन्होंने अपने साथियों के साथ योजना बनाई की ट्रेन की पटरी को ही उखाड़ देते हैं, जिससे यह बारूद - हथियारों से भरी हुई ट्रेन आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसी योजना के अंतर्गत जब वह औजार लेकर ट्रेन की पटरी के नट बोल्ट खोलने गए नट खोलते समय गश्त कर रहे अंग्रेजी हुकूमत के सिपाहियों ने इन्हें देख लिया इन्होंने अपने साथियों को वहां से भगाया और खुद भी भागते समय पकड़े गए। अंग्रेज हुकूमत ने इन्हें सजा के तौर पर फांसी सुनाई।

जब हुकूमत ने इन्हें अपने साथियों के नाम बताने पर इनकी फांसी की सजा माफ कर दी जाएगी, ऐसी बात कही तो उन्होंने कहा कि मेरे साथ मेरे साथी यह औजार ही थे और किसी का नाम नहीं बताया और ऐसा युवा जिसे फांसी की सजा सुनाई गई तो कुछ समय बाद इनका जब वजन तोला गया तो इस युवा का वजन बढ़ा हुआ था। मां भारती की सेवा करते हुए फांसी पर चढ़ने का सौभाग्य मानकर खुशी में देश प्रेम का मतवाला यह युवा हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गया। ऐसे युवा को याद कर हम उनके विचारों व देश प्रेम की भावना से युवाओं को जागृत करें यही हमारा दायित्व है।

इन्हीं विचारों के साथ वक्ताओं ने अपनी बात रखी कि आज देश के विकास में हमें शिक्षा, विश्वास, सेवा मेहनत की भावना के साथ आगे बढ़ना है व जनकल्याण की भावना से सभी का साथ सभी का विकास के नारे के साथ सभी के सहयोग के साथ आगे बढ़ना है व एक खुशहाल राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनना है। सिंधी समाज का प्रत्येक व्यक्ति समाज के कल्याण में कहीं पर भी किसी स्तर पर अपना योगदान देता रहे।


कार्यक्रम में मुख्य रूप से दादा ईश्वर झामनानी फतेहचंद कालरा, नमोश तलरेजा, संदीपन आर्य, अर्जुन बागजाई, विजय पंजाबी, नंदलाल खतुरिया, श्रीमती निर्मला राजानी, श्रीमती बरखा असरानी, अजय छाबड़िया, नरेश डेंबला, श्रीमती रिया मोटवानी, संजय विधाणी, हरीश सेवानी ने हेमू कालाणी पर अपनी लिखी कविता सुनाई अंत में व अन्य सभी ने हेमू कालाणी जी को श्रद्धांजलि दी आभार संजय नरसिंघानी ने माना।










स्वामी प्रकाशक राजेश लक्षकार के लिए मुद्रक प्रेमप्रकाश जैन के द्वारा नाकोड़ा ग्राफिक्स सिस्टम एण्ड प्रिंटर्स, 129, विकास नगर, नीमच (म.प्र.) से मुद्रित कर 51 पीपल चौक जीरन, जिला-नीमच से प्रकाशित। **सम्पादक - राजेश लक्षकार***